# FLN ASSESSMENT (2026-27)

## कक्षा - 3 विषय - हिंदी

📝कुल प्रश्न : 20
⏰ समय : 60 मिनट

नाम : ______________ रोल नं. : ________ दिनांक :______________

निर्देश - प्रश्न संख्या 1 से 16 में चार विकल्प दिए गए हैं | सही विकल्प (अ ब, स या द ) का चयन कीजिए|

**भाग -अ** दक्षता – C-10.1: ध्वन्यात्मक जागरुकता विकसित करता है और स्वरों / शब्दांशों को शब्दों में मिश्रित करने और शब्दों को ध्वनि / शब्दों में खंडित करने में सक्षम होता

**1.** दिए गए शब्दों में से 'श' वर्ण की ध्वनि से शुरू होने वाले शब्दों का सही विकल्प है-
शहर, शहद, वन, कल
(अ) वन, शहर (ब) कल, शहद
(स) शहर, शहद (द) वन, कल ( )

**3.** 'किताब' शब्द का सही वर्ण विच्छेद है-
(अ) क् + अ + त् + आ + ब् + अ
(ब) क् + इ + त् + आ + ब् + अ
(स) क् + इ + त् + अ + ब् + अ
(द) क + अ + त + ब + अ ( )

**2.** 'शेर' शब्द के अन्तिम वर्ण से शुरू होने वाला शब्द है-
(अ) सपेरा (ब) रस्सी
(स) सुबह (द) शलगम ( )

**4.** 'कलम' शब्द में वर्णों को बदलने पर बनने वाला सही शब्द है-
(अ) कमल
(ब) लकम
(स) लमक
(द) मकल ( )

दक्षता –C-10.3 लिपि की वर्णमाला के सभी अक्षरों (अक्षर के रूप) को पहचानता है और इस ज्ञान को पढ़ने और लिखने के लिए उपयोग करता है|

**5.** नीचे दिए गए वर्णों से सार्थक शब्द बनेगा-
न ग र
(अ) गरन (ब) रनग
(स) गनर (द) नगर ( )

**7.** दिए गए चित्र का पहला वर्ण क्या है?
(अ) र
(ब) म
(स) च
(द) छ ( )



**6.** ग _ ला रिक्त स्थान में कौनसा वर्ण लिखने पर शुद्ध शब्द बनेगा ?
(अ) म (ब) ल
(स) च (द) ब ( )

**8.** भिण्डी, आम, आलू, टमाटर शब्दों में से अलग शब्द है —
(अ) टमाटर (ब) आम
(स) आलू (द) भिण्डी ( )

दक्षता –C-9.3-धाराप्रवाह और सार्थक बातचीत करता है।|

**9.** 'कविता' शब्द की अंतिम ध्वनि से शुरू होने वाला नया शब्द कौनसा है?
(अ) नमन
(ब) लड़की
(स) कलम
(द) तालाब ( )

**10.** आपके घर के आस-पास अनजान व्यक्ति घूम रहे हैं, जो आपको कुछ खाने की वस्तुएँ देते हैं| आप क्या करेंगे?
(अ) उनसे अकेले ही पूछताछ करेंगे|
(ब) उनसे वस्तुएँ लेकर साथ चले जाएँगे|
(स) उनका स्वागत करेंगे और वस्तुएँ ले लेंगे|
(द) उनसे कुछ भी नहीं लेंगे और अपने माता-पिता को बताएँगे|
( )

**11.** नीचे दिए गये चित्र में महिला क्या कर रही है?

(अ) बर्तन धो रही है।

(ब) नाच रही है।

(स) पानी भर रही है।

(द) खाना बना रही है।



( )

**12.** हम सुबह मैदान में खेलते हैं। रेखांकित शब्द के स्थान पर विपरीत अर्थ के लिए शब्द है–

(अ) दिन

(ब) शाम

(स) रात

(द) दोपहर ( )

दक्षता –C-10.5: वह स्वतः ही कहानी के भागों, रूपरेखा और लेखक के नजरिए को पहचान सकेगा।

**दी गई कहानी को पढ़कर (प्रश्न संख्या 13 से 16 तक) उत्तर दीजिए।**

एक जंगल में भालू, खरगोश, चूहा और हाथी चार मित्र रहते थे। हाथी अपने तीनों मित्रों को अपनी पीठ पर बैठा कर जंगल की सैर कराता। भालू सभी को मीठा शहद खिलाता, खरगोश सभी के लिये गाजर और मूली लेकर आता। चारों मित्र दिन-भर जंगल में नदी किनारे साथ में खेलते रहते थे।

**13.** कहानी में चार मित्र थे—

(अ) हाथी, खरगोश, भालू, बंदर

(ब) भालू, खरगोश, चूहा, बंदर

(स) खरगोश, भालू, हाथी, चूहा

(द) चूहा, भालू, हाथी, गधा ( )

**15.** "भालू सबके लिए मीठा शहद लाता था।" वाक्य में शहद मीठा है उसी प्रकार नीचे दी गई खाने की वस्तुओं में से किसका स्वाद मीठा है?

(अ) करेला (ब) नींबू (स) नमक (द) जलेबी ( )

**14.** हाथी तीनों मित्रों को अपनी पीठ पर क्यों बैठा सकता था?

(अ) वह तीनों ज़िद करके उसकी पीठ पर बैठ जाते थे।

(ब) वह बड़ा होने की वजह से एक साथ बैठा सकता था।

(स) वह बारी-बारी से उन्हें नहीं बैठाना चाहता था।

(द) कोई भी उसकी पीठ से नीचे नहीं उतरना चाहता था।

( )

**16.** खरगोश सभी के लिए गाजर और मूली लेकर आता है। मूली क्या है?

(अ) सब्जी

(ब) मिठाई

(स) मसाला

(द) फूल ( )

**भाग -ब** दक्षता – C-10.8: अपनी समझ और अनुभवों को व्यक्त करने के लिए एक आलेख लिखता है।

**17.** शिक्षक विद्यार्थियों से श्रुतलेख करवाएँ -
(अनुस्वार एवं अनुनासिक युक्त 03 पंक्तियाँ)

(i) ...........................................................

(ii) ...........................................................

(iii) ...........................................................

**18.** 'जल' एवं 'पेड़' शब्दों से एक-एक वाक्य बनाइए –

(i)...........................................................

(ii)...........................................................
.

**19.** हमे दूसरों की मदद क्यों करनी चाहिए ?

...........................................................

...........................................................

...........................................................

...........................................................
.

**20.** चित्र देखकर दो वाक्य लिखिए -



उत्तर

(i) ...........................................................

(ii) ...........................................................

# शिक्षक हेतु आकलन संबंधी निर्देश

1. **सामान्य निर्देश :-**

- FLN Assessment प्रारंभ करने से पूर्व शिक्षक निम्न निर्देशों का अवलोकन करें—
- आकलन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में करवाएँ तथा विद्यार्थियों को निर्धारित समय उपलब्ध करवाएँ।
- आकलन पत्रक में विषय की चयनित 5 FLN दक्षताओं (Competencies) को सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक दक्षता पर 4 प्रश्न निर्धारित हैं।
- आकलन में कुल 20 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न का  अंक भार 1 अंक है।
- आकलन पूर्ण होने के बाद उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित Rubric/मूल्यांकन मानदंड के अनुसार करें।
- प्रत्येक दक्षता के चारों प्रश्नों में विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंकों का दक्षतावार योग कर दक्षतावार ही प्राप्तांक दर्ज करें।
- मूल्यांकन एवं अंक प्रविष्टि में निष्पक्षता, शुद्धता एवं एकरूपता सुनिश्चित करें तथा उत्तर-पुस्तिकाएँ सुरक्षित रखें।
- **भाग–A : प्रश्न क्रमांक 1 से 16**
- प्रश्न क्रमांक 1 से 16 का मूल्यांकन निर्धारित सही उत्तर के आधार पर करें। सही उत्तर के लिए 1 अंक तथा गलत/अनुत्तरित प्रश्न के लिए 0 अंक प्रदान करें।
- प्राप्त अंकों को संबंधित FLN दक्षता के अनुसार दर्ज करें।
- **भाग–B : प्रश्न क्रमांक 17 से 20 — Rubric आधारित मूल्यांकन**
- प्रश्न क्रमांक 17 से 20 का मूल्यांकन दिए गए Rubric के अनुसार करें। विद्यार्थी के प्रदर्शन के आधार पर 1, ½, ¼ अथवा 0 अंक प्रदान करें।
- प्रश्न 17 (श्रुतलेख): निर्धारित शब्द/पंक्तियाँ स्पष्ट रूप से बोलकर लिखवाएँ तथा शब्दों की शुद्धता एवं लेखन के आधार पर अंक दें।
- प्रश्न 18 (वाक्य निर्माण): दिए गए शब्दों से बनाए वाक्यों का मूल्यांकन उचित शब्द-प्रयोग, सार्थकता एवं शुद्ध लेखन के आधार पर करें।
- प्रश्न 19 (विचार-अभिव्यक्ति): उत्तर का मूल्यांकन विचार-अभिव्यक्ति, प्रासंगिकता, स्पष्टता एवं पूर्णता के आधार पर करें।
- प्रश्न 20 (चित्र आधारित लेखन): वाक्यों का मूल्यांकन चित्र से प्रासंगिकता, वाक्य निर्माण एवं शुद्ध लेखन के आधार पर करें।
- Rubric में निर्धारित अंक मानदंड:
- 1 अंक – पूर्णतः सही/अपेक्षित प्रदर्शन | ½ अंक – आंशिक रूप से सही | ¼ अंक – सीमित प्रदर्शन | 0 अंक – गलत/अप्रासंगिक/अनुत्तरित।
- प्रत्येक दक्षता के चारों प्रश्नों के प्राप्तांकों का योग करें। यदि योग पूर्णांक में न हो, तो अगले पूर्णांक (Round Up) में परिवर्तित कर शाला दर्पण पर दर्ज करें। उदाहरण: 3½ → 4 अंक, 3¼ → 3 अंक।
- शाला दर्पण पर अंक दर्ज करने से पूर्व प्रत्येक विद्यार्थी के दक्षतावार एवं कुल प्राप्तांकों की पुनः जाँच सुनिश्चित करें।

| FLN Assessment – Competency-wise Score Sheet | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा - | | | | | | | |
| विषय: हिंदी | | | | | | | |
| क्र.सं. | विद्यार्थी का नाम | C-10.1 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-10.3 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-9.3 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-10.5 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | C-10.8 (4 प्रश्न) अंकभार-4 | कुल प्रश्न-20 कुल अंकभार -20 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | |
| 12 | | | | | | | |
| 13 | | | | | | | |
| 14 | | | | | | | |
| 15 | | | | | | | |

नोट: प्रत्येक दक्षता के 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक दक्षता का अधिकतम अंक 4 तथा कुल अधिकतम अंक 20 हैं।